## न्यूज डायरी



### धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पाक का अजेंडा, अब खोलेगा बुद्ध यूनिवर्सिटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान बुद्ध यूनिवर्सिटी स्थापित करने पर विचार कर रहा है। यह दरअसल देश के अल्पसंख्यकों के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर पर्यटन बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा है। थाइलैंड से पाकिस्तान की यात्रा पर आए 9 सदस्यीय बौद्ध प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए धार्मिक एवं अंतर–धर्म सद्भावना मंत्री पीर नूर–उल–हक कादरी ने मंगलवार को कहा कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर या स्वात शहर में बनाया जा सकता है। उर्दू पाइंट के मुताबिक, सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इमरान सरकार पेशावर या स्वात में बुद्ध विश्वविद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है। बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों पर एक किताब लिखी जाएगी। पाकिस्तान बुद्ध सप्ताह भी मनाएगा। कादरी ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर पर्यटन को बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

### उत्तर कोरिया ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र दागे: दक्षिण कोरिया की सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया और अमेरिका में परमाणु चर्चाओं पर बने गतिरोध के बीच दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने गुरुवार को दो प्रक्षेपास्त्र दागे हैं। सियोल के संयुक्त सेना प्रमुख ने एक वक्तव्य में कहा कि प्रक्षेपास्त्रों को दक्षिण प्योंगान प्रांत से पूर्व दिशा में समुद्र की ओर दागा गया। उन्होंने कहा, ''हम तत्परता बनाए हुए हैं और किसी अतिरिक्त प्रक्षेपण पर निगरानी रख रहे हैं।'' उत्तर कोरिया ने पिछले दिनों कई प्रक्षेपण किए हैं, हालांकि दो अक्टूबर के बाद यह पहला प्रक्षेपण है। उत्तर कोरिया, अमेरिका के साथ कार्य–स्तरीय परमाणु वार्ता से यह कहकर हट गया था कि वाशिंगटन की पेशकश में ''नए और रचनात्मक'' समाधानों की कमी से वह निराश है।

### उत्तर कोरिया के नेता किम ने मून की मां के निधन पर शोक संदेश भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई–इन को उनकी मां के निधन पर शोक संदेश भेजा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया में पैदा हुईं और पली बढ़ी कांग हान–ओके का 92 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। कोरियाई युद्ध के दौरान अमेरिकी बलों ने उन्हें उत्तर कोरिया से निकाला था। राष्ट्रपति कार्यालय की प्रवक्ता को मिन–जुंग ने कहा कि उत्तर कोरिया का एक अज्ञात अधिकारी बुधवार दोपहर को असैन्यकृत जोन में किम का संदेश देकर गया। उन्होंने कहा कि किम ने राष्ट्रपति मून को अपनी गेहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और उन्हें सांत्वना दी है। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच रिश्तों में गतिरोध के दौरान यह संदेश आया है। फरवरी में वियतनाम की राजधानी हनोई में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ किम की परमाणु वार्ता विफल रहने के बाद से उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया की आलोचना कर रहा है।

### दक्षिण फिलीपीन में फिर आया शक्तिशाली भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। दक्षिण फिलीपीन में एक बार फिर शक्तिशाली भूकंप आया। इस दौरान मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार को इस इलाके में आए शक्तिशाली भूकंप में आठ लोगों की जान चली गई थी। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि मिंदानाओ द्वीप पर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। इस झटके के कारण दक्षिणी शहर दावाओ में एक सरकारी इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह शहर भूकंप के केंद्र से करीब 45 किमी की दूरी पर है। पुलिस ने एएफपी को बताया कि इमारत के क्षतिग्रस्त होने से कम से कम आठ लोग घायल हो गए। बचावकर्मियों ने इमारत में फंसे लोगों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया। एक अन्य शहर में पहले से क्षतिग्रस्त एक इमारत ढह गई। इसके भीतर एक स्थानीय अधिकारी पहले आए भूकंप के पीड़ितों के लिए अस्थायी चिकित्सा उपचार केंद्र बनाने में मदद दे रहा था। उस अधिकारी की मौत हो गई। एक होटल आंशिक रूप से ढह गया।

# अमेरिका में हिंदी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारतीय भाषा

**सर्वे**

## अमेरिका की कुल आबादी में बंगाली भाषा बोलने वाले 3.75 लाख लोग

■तेलुगु भाषी व्यक्तियों की संख्या अमेरिका में अन्य भारतीय भाषाओं के बोलने वालों से बहुत अधिक बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमेरिका। अमेरिका में हिंदी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारतीय भाषा बनी हुई है। इसके बाद गुजराती और तेलुगु बोलने वालों का नंबर आता है। आंकड़ों की मानें तो 1 जुलाई 2018 तक 8.74 लाख लोगों के साथ अमेरिका में हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली भारतीय भाषा रही, जो 2017 के आंकड़ों में 1.3 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी है। 2010 के बाद से 8 साल के दौरान, इस संख्या में 2.65 लाख लोग जुड़े जो 43.5 प्रतिशत का इजाफा है। हालांकि, पर्सेंट के मामले में देखें तो तेलुगु भाषी व्यक्तियों की संख्या अमेरिका में अन्य भारतीय भाषाओं के बोलने वालों से बहुत अधिक बढ़ी जो 2010 से 2018 के बीच 79.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे (एसीएस) के 2018 के आंकड़ों के मुताबिक, (जो अमेरिकी जनसंख्या को मापता है, 1 जुलाई, 2018 तक), देश में 6.73 करोड़ निवासी जिनकी उम्र 5 साल से ज्यादा है और जिनमें मूल रूप से अमेरिका में जन्मे, कानूनी और अवैध प्रवासी शामिल हैं, अपने घर पर अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषा बोलते हैं।




जनसंख्या की हिस्सेदारी के तौर पर देखें तो अमेरिका के 21.9 प्रतिशत लोग अपने घर पर एक विदेशी भाषा बोलते हैं जो 2017 के आंकड़ों (21. 8 प्रतिशत) में मामूली बढ़ोतरी है। एसीएस के इस सर्वे में अमेरिका के 20 लाख से अधिक परिवारों को शामिल किया गया।

अमेरिका की कुल आबादी में बंगाली भाषा बोलने वाले 3.75 लाख लोग हैं जो इसी आठ साल की अवधि में लगभग 68 प्रतिशत बढ़े। इसके बाद तमिल बोलने वाले (1 जुलाई, 2018 तक) 3.08 लाख लोग हैं जिनमें 67.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह ध्यान देने की बात है कि भारत के अलावा अन्य देशों के व्यक्ति भी बंगाली बोलते हैं, जिनमें मुख्य रूप से बांग्लादेश के लोग शामिल हैं। तमिल श्रीलंका, सिंगापुर और मलयेशिया जैसे देशों में बोली जाती है। हैरानी की बात है कि गुजराती और तेलुगु बोलने वालों की संख्या 2017 और 2018 के बीच थोड़ी कम हुई है।

गुजराती बोलने वाले लोगों की संख्या 4.19 लाख है, जो पिछले साल की तुलना में 3.5 प्रतिशत कम है। बता दें कि 1 जुलाई, 2018 तक 4 लाख तेलुगु भाषी लोग अमेरिका में थे। यदि 2018 के आंकड़ों के साथ साल 2010 की तुलना की जाए तो तेलुगु बोलने वालों की संख्या 2.23 लाख से बढ़कर 4 लाख हो गई जो 79.5 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। यह अमेरिका में काम करने वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों को देखते हुए हैरानी की बात नहीं है जिनके बारे में कहा जाता है कि वे बड़ी संख्या में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से आते हैं।

ज्यादातर भारतीय भाषा बोलने वालों के लिए हालांकि अंग्रेजी कोई चुनौती नहीं है। उदाहरण के लिए, घर पर हिंदी, तेलुगु और तमिल बोलने वाली 80 प्रतिशत से अधिक आबादी ने कहा कि वे अंग्रेजी बहुत अच्छी तरह से बोलते हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सेहत में सुधार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के बीमार चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के स्वास्थ्य में बुधवार को सुधार के कुछ संकेत मिले। अब उनकी प्लेटलेट संख्या स्थिर है और रक्तचाप सामान्य दर्ज किया गया। मेडिकल बोर्ड ने यह जानकारी दी। शरीफ को सोमवार रात सर्विसेज अस्पताल में भर्ती किया गया था।

पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को भ्रष्टाचार मामले में उनकी आठ सप्ताह की सजा निलंबित करते हुए जमानत पर उनके बाहर आने का रास्ता साफ कर दिया था क्योंकि उनकी रक्त प्लेटलेट संख्या गिरती जा रही थी। सर्विसेज अस्पताल के मुख्य डॉक्टर महमूद अयाज ने संवाददाताओं से कहा, 'नवाज शरीफ की स्थिति में आज सुधार हुआ। उनकी प्लेटलेट संख्या स्थिर है और यह 28,000 से बढ़कर 35,000 हो गई।' इससे पहले देश के मौजूदा पीएम इमरान खान ने कहा था कि वह किसी की जिंदगी की गारंटी नहीं ले सकते। पिछले हफ्ते इस्लामाबाद हाई कोर्ट की एक बेंच ने सरकार से कहा था कि वह जेल में बंद नवाज शरीफ के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी ले।

बता दें कि शरीफ के परिजनों ने भी कहा है कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री को कुछ हुआ तो इसके लिए पीएम इमरान नियाजी जिम्मेदार होंगे।



## ईयू सांसदों के दौरा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूरोपीय संघ के सांसदों के कश्मीर दौरे पर विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि ईयू सांसदों को कश्मीर ले जाने का मतलब मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना नहीं है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह आवश्यक नहीं कि ऐसे प्रतिनिधिमंडल आधिकारिक चौनल के जरिये आएं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने गुरुवार को कहा, हमें लगता है कि ऐसे आना–जाना जनसंपर्क का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण से कोई लेना देना नहीं है। रवीश कुमार ने साथ ही कहा कि सांसदों की राय से कश्मीर की परिस्थितियों और आतंकवाद के खतरे को लेकर उनकी समझ जाहिर हुई है।

# पाकिस्तान में कराची–रावलपिंडी एक्सप्रेस में लगी आग, 73 लोग जिंदा जले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कुछ लोग ट्रेन में खाना बना रहे थे, सिलिंडर ब्लास्ट से लगी आग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आज सुबह एक ट्रेन में आग लगने से 73 लोग जिंदा जल गए। रहीम यार खान जिले के लियाकतपुर शहर में कराची–रावलपिंडी तेजगाम एक्सप्रेस में सवेरे भीषण आग लग गई। कई लोग आग से झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद अहमद ने कहा है कि ज्यादातर पीड़ित तबलीगी जमात से ताल्लुक रखते हैं, जो एक कार्यक्रम के सिलसिले में लाहौर जा रहे थे।

रेल मंत्री ने बताया कि कुछ यात्री अपने साथ गैस स्टोव ले जा रहे थे। ट्रेन की रफ्तार काफी तेज थी और सुबह कुछ लोग छोटे गैस सिलिंडरों पर खाना बनाने लगे। रेल मंत्री ने कहा कि चलती ट्रेन में कुछ यात्रियों द्वारा नाश्ता बनाने के दौरान एक गैस का चूल्हा फट गया जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि ट्रेन में चूल्हे पर खाना बनाना गैरकानूनी है। जियो न्यूज के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़कर 73 हो गई है।

शेख रशीद ने कहा कि ज्यादातर मौतें ट्रेन से कूदने के कारण हुई हैं। रेल मंत्री की मानें तो मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि 40 से ज्यादा लोग आग में झुलस गए हैं और उनका इलाज चल रहा है।

स्थानीय रिपोर्टों में बताया गया है कि ट्रेन के भीतर सिलिंडर पर खाना बनाते समय धमाका होने से आग लग गई। रफ्तार तेज होने के कारण आग तेजी से फैलती गई। यह ट्रेन कराची से रावलपिंडी की तरफ जा रही थी। तेजगाम एक्सप्रेस की तीन बोगियों में आग धधकती गई। बर्निंग ट्रेन का विडियो भी सामने आया है। विडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी कहता दिखता है कि तबलीगी जमात के लोग ट्रेन में सवार थे। ट्रेन में यात्रियों द्वारा ले जाए जा रहे गैस सिलिंडर में विस्फोट के कारण आग लगी।

## बीच फिल्म चिल्लाने लगा अल्लाहू अकबर, सिनेमा हॉल से भागे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। फ्रांस के एक सिनेमा हॉल में उस वक्त लोगों में डर फैल गया जब वहां एक मौजूद व्यक्ति जोर–जोर से श्अल्लाहू अकबरश बोलने लगा। पैरिस के ग्रैंड रिक्स सिनेमा में पिछले रविवार को श्जोकरश फिल्म देखने के लिए दर्शक जुटे थे, लेकिन फिल्म आधी खत्म भी नहीं हुई थी कि लोगों का डर से सामना हो गया।

एक व्यक्ति अचानक बोलने लगा श्यह राजनीतिक हैश वह कई बार ऐसा कहता रहा, लोगों ने उसे चुप होने को कहा तो वह अपने सीट पर खड़ा हो गया और अपने सीने पर हाथ रखकर अल्लाहू अकबर कहने लगा। उसकी हरकत से लोगों में घबराहट बढ़ गई और लोग अपने सीट से भागने लगे। कुछ लोगों ने यह अफवाह भी फैला दी कि उसके पास बंदूक और लोग आनन–फानन में सिनेमा हॉल से बाहर निकल गए।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, वह व्यक्ति सिनेमा हॉल से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसे किसी तरह पैरिस पुलिस पकड़ने में कामयाब रही और उससे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।